**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**06.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने और विकसित भारत 2047 के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का किया आहवान।
- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए कल 7 मई से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया होगी शुरू।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए तीन दिन 26, 28 और 30 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित–अधिसूचना जारी।
- मण्डी नगर निगम के बैहना वार्ड में सभी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए वापिस–फिलहाल चुनाव प्रक्रिया टली –लाहौल स्पिति की मालंग पंचायत में सभी सदस्य निर्विरोध चयनित।

और

- प्रदेश भाजपा का आरोप–ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की हताशा व निराशा का प्रमाण।

**अब समाचार विस्तार से..............**

### राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने और विकसित भारत 2047 के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आहवान किया है। राज्यपाल आज मण्डी स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का उनका आदर्श आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता के समय था। कविन्द्र गुप्ता ने छात्रों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने, नशामुक्त जीवन अपनाने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आग्रह भी किया। इस बीच राज्यपाल ने हिमाचल डैंटल कॉलेज सुंदरनगर के वार्षिक समारोह को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इस दौरान राज्यपाल ने महाविद्यालय की आधुनिक नई डैंटल वैन सेवा का शुभारम्भ भी किया।

## पंचायत नामांकन

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए कल 7 मई से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन 8 और 11 मई को भी भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को होगी जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार तीन बजे तक अपने नाम वापिस ले सकेंगे। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए जाएंगे। प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए चुनाव होगा। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष हैं, जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। इन चुनावों में 52 हजार 3 सौ 49 युवा पहली बार वोट डालेंगे।

## अवकाश

प्रदेश सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए तीन दिन 26, 28 और 30 मई को राज्य में सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। इन तिथियों को सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान व पंचायती राज संस्थाओं के संबंधित क्षेत्रों में स्थित दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए भी ये अवकाश सवैतनिक होगा। इसके अलावा उन कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकता जो राज्य में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत हैं और उनके पास पंचायती राज संस्थाओं में मतदान का अधिकार प्राप्त है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि तय मानकों के मुताबिक सौ शिक्षण संस्थानों में अभी भी विद्यार्थियों की संख्या न के बराबर है और ऐसे शिक्षण संस्थानों को बंद करने पर सरकार विचार करेगी। शिक्षा मंत्री ने 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई।

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हो रही बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों व बागवानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि से सेब की फसल को ही शुरुआती आंकलन के मुताबिक 40 फ़ीसदी नुकसान हो चुका है। रोहित ठाकुर ने कहा कि मौसम में आए इस बदलाव से सेब ही नहीं बल्कि अन्य फलों व फसलों को भी नुकसान हुआ है।

**नामांकन वापिस**

प्रदेश के 4 नगर निगमों धर्मशाला, मण्डी, पालमपुर और सोलन सहित 47 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन था। मण्डी नगर निगम के बैहना वार्ड में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय सहित सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन पत्र वापिस ले लिए हैं। इसके साथ ही इस वार्ड में चुनाव प्रक्रिया फिलहाल टल गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मण्डी जिला संवाददाता

वहीं लाहौल–स्पीति जिले की नवगठित ग्राम पंचायत मालंग में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से पंचायत का गठन करते हुए सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव किया। पंचायत के पांचों वार्डों में भी बिना चुनाव के ही सभी सदस्य चुने गए। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति जिला संवाददाता.........**डिस्पैच**——

**भाजपा बैठक**

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनाव को लेकर आज शिमला में एक बैठक आयोजित की। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हर चुनावी हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीतिक आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में भाजपा की विजय जनता का स्पष्ट और लोकतांत्रिक जनादेश है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार से जनता पूरी तरह निराश हो चुकी है और विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में भाजपा की जीत होगी।

**संगोष्ठी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला शिमला द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर विकासनगर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सह सरकार्यवाह आलोक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन का संकल्प है। आलोक ने कहा कि इस संकल्प का मूल उद्देश्य समाज के विभिन्न आयामों को सुदृढ़ करते हुए एक समरस, जागरूक और उत्तरदायी राष्ट्र का निर्माण करना है। इस अवसर पर प्रांत संघचालक प्रो. वीर सिंह रांगड़ा, विभाग संघचालक राजकुमार वर्मा और जिला संघचालक अजय सूद मौजूद रहे।

**<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>**

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने और विकसित भारत 2047 के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का किया आहवान।
- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए कल 7 मई से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया होगी शुरू।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए तीन दिन 26, 28 और 30 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित–अधिसूचना जारी।
- मण्डी नगर निगम के बैहना वार्ड में सभी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए वापिस–फिलहाल चुनाव प्रक्रिया टली –लाहौल स्पिति की मालंग पंचायत में सभी सदस्य निर्विरोध चयनित।

और

- प्रदेश भाजपा का आरोप–ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की हताशा व निराशा का प्रमाण।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं कल सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर नमस्कार।**